
पंजाब केसरी
THU,09 JULY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# 12वीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित

धर्मशाला, 8 जुलाई (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च में आयोजित हुई 12वीं कक्षा की नियमित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बहुप्रतीक्षित परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। बोर्ड परीक्षाओं के अंकों में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे छात्रों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिन भी अभ्यर्थियों ने अपने अंकों से असंतुष्ट होकर आवेदन किया था, उनके संशोधित नतीजे बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड कर दिए हैं, जहां छात्र बिना किसी परेशानी के अपना परिणाम देख सकते हैं। इसके साथ ही छात्रों की शंकाओं के समाधान के लिए विशेष हैल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी कोई जानकारी चाहिए तो वह कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकता है, जबकि पुनर्निरीक्षण (री-चैकिंग) से संबंधित पूछताछ के लिए भी कॉल कर सकता है।

बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अपना परिणाम वैबसाइट से जांचने और किसी भी स्पष्टीकरण के लिए केवल इन्हीं निर्धारित हैल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने का आग्रह किया है।

Dainik Jagran 09-07-2026

# जमा दो का पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

**धर्मशाला :** प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने जमा दो की मार्च 2026 में ली परीक्षा का पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अंकों में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे छात्र संशोधित परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं। यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी कोई जानकारी चाहिए तो वह दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) से संबंधित जानकारी के लिए 01892-242122 पर फोन कर सकते हैं। (जासं)

Amar Ujala 09-07-2026

# जमा दो पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित नियमित जमा दो (कक्षा 12वीं) परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया है।

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि सभी संबंधित अभ्यर्थियों के संशोधित परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

पुनर्मूल्यांकन से संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय समय में 01892-242158 तथा पुनर्निरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए 01892-242122 पर संपर्क किया जा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अपना परिणाम वेबसाइट पर जांच लें और किसी भी शंका या स्पष्टीकरण के लिए केवल बोर्ड के हेल्पलाइन नंबरों का ही उपयोग करें। संवाद

Divya Himachal 09-07-2026

# पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के नतीजे घोषित

**धर्मशाला** । हिमाचल प्रदेश में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए एक राहत भरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित हुई नियमित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बहुप्रतीक्षित परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी कोई जानकारी चाहिए, तो वह कार्यालय समय के दौरान दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। वहीं, पुनर्निरीक्षण से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242122 पर कॉल किया जा सकता है।

Himachal Dastak 09-07-2026

# बोर्ड ने घोषित किया पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जमा दो की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के मार्च 2026 में आयोजित हुई नियमित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अंकों में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे छात्र अब अपना संशोधित परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में बताया कि जिन भी अभ्यर्थियों ने अपने अंकों से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन या पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, उनके संशोधित नतीजे ऑनलाइन कर दिए गए हैं। बोर्ड ने छात्रों की किसी भी प्रकार की शंका या पूछताछ के समाधान के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी कोई जानकारी कार्यालय समय के दौरान दूरभाष नंबर 01892-242158 पर उपलब्ध होगी। वहीं, पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242122 होगा।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ
08 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं के छात्रों का इंतजार खत्म

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला


हिमाचल प्रदेश में 12वीं कक्षा (जमा दो) की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए एक राहत भरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित हुई नियमित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) और पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) के बहुप्रतीक्षित परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। अंकों में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे छात्र अब बिना किसी देरी के अपना संशोधित परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं।

**पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के नतीजे जारी**

**बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी जानकारी, www.hpbose.org पर ऑनलाइन उपलब्ध है संशोधित परिणाम;**

**शंका समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी किए गए जारी**

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिन भी अभ्यर्थियों ने अपने अंकों से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन या पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, उनके संशोधित नतीजे ऑनलाइन कर दिए गए हैं। छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि वे बिना किसी परेशानी के बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर अपना ताजा परिणाम देख सकें।



इसके साथ ही, बोर्ड ने छात्रों की किसी भी प्रकार की शंका या पूछताछ के समाधान के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी कोई जानकारी चाहिए, तो वह कार्यालय समय के दौरान दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। वहीं, पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242122 पर कॉल किया जा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपना परिणाम वेबसाइट से अवश्य जांच लें और किसी भी स्पष्टीकरण के लिए केवल इन्हीं निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों का ही उपयोग करें।

The Sunny Times

# CHECK YOUR MARKS! HPBOSE 12TH RE-CHECKING RESULTS GO LIVE WITH HELPLINE SUPPORT



***The Sunny Times | Dharamshala***

The agonizing wait is finally over for thousands of Class 12 students in Himachal Pradesh. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, has officially dropped the highly anticipated re-evaluation and re-checking results for the March 2026 board exams. If you were holding your breath for a score bump, it is time to head over to the board's official website, www.hpbose.org, to see if your luck—and hard work—turned around.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the updated, shiny new results are live online to make things completely hassle-free for anxious students. No more guessing games; just plug in your details on the website and get your answers instantly.

But what if you look at your new scorecard and still have burning questions? Don't panic. The board has actively set up dedicated lifelines to clear up the confusion. If your doubts are about the deep-dive re-evaluation process, you can dial 01892-242158 during office hours. On the other hand, if you just need clarity on the simple re-checking tally, ring up 01892-242122 to get your answers. Dr. Sharma has urged everyone to verify their scores online immediately and use these official channels to sort out any lingering drama.